or indifference attitude on the part of any doctor of the Safdarjung Hospital.

Training of Homoeopathic doctors in analytical Chemistry

52. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA :
SHRI B. V. ABDULLA KOYA:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether homoeopathic doctors are trained in Analytical Chemistry ;

(b) if so, what are the specific courses and experience given to such students before award of Diplomas and Degrees; and

(c) what are the details of qualifications of Analytists of Homoeopathic Pharmacopoea Laboratory, Ghaziabad, who are approved under Drugs and Cosmetics Act and the Rules made thereunder?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RAFIQUE ALAM) : (a) and (b) Analytical Chemistry as a subject has not been provided in the syllabus of Diploma and Degree courses in Homoeopathy.

(c) There are no Analysts appointed in Homoeopathic Pharmacopoea Laboratory, Ghaziabad who are approved under the Drugs and Cosmetics Act and Rules thereunder. However, Dr. P. N. Verma, Director, HPL has been appointed as Government Analyst for the whole of India who fulfils the qualifications laid down under Rule 44 of the Drugs and Cosmetics Rules. Dr. Verma possesses B.Sc., M.Sc. (Tech.) Pharmaceutics with requisite experience.

देश में कुरिअर सेवाएं

53. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने डाक की समानांतर कुरिअर सेवाओं के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है, यदि हां, तो देश में ऐसी कितनी एजेंसियां हैं जो अधिकृत रूप से यह कार्य कर रही हैं और राजस्थान में ऐसी सेवाएं करने के लिए कितने संगठनों और एजेंसियों को प्राधिकृत किया गया है ;

(ख) ऐसे कितने कुरिअर एजेंट हैं जिसके विरुद्ध, इससे संबंधित नियमों का पालन न करने के लिए, मुकदमें दर्ज किए गए हैं और क्या इस प्रकार का कोई मुकदमा राजस्थान में भी दर्ज किया गया है ; और

(ग) क्या कुरिअर सेवाओं के लिए सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने के कारण कुछ डाकघरों को बन्द कर दिया गया था, यदि हां तो उन डाकघरों के नाम क्या हैं और क्या पिछले तीन वर्षों में राजस्थान में भी इस प्रकार से कुछ डाकघरों को बंद किया गया है, यदि हां, तो उनके बंद किये जाने के क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) (क) जी नहीं, कुरियर सेवाएं चलाने के लिए प्राइवेट एजेंसियों को लाइसेंस जारी करने के लिए विभाग सक्षम नहीं है अतः देश में इस तरह चल रही एजेंसियों की वास्तविक संख्या मालूम नहीं है।

(ख) 31-3-89 की स्थिति के अनुसार भारतीय डाकघर अधिनियम की व्यवस्थाओं का उल्लंघन करने वाली फर्मों के विरुद्ध 93 मामले दर्ज किए गए हैं। चार मामले राजस्थान में दर्ज किए गए हैं।

(ग) जी नहीं

परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य

54. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश की जनसंख्या पर नियंत्रण पाने के लिए पिछले वर्ष कितने व्यक्तियों को परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लाने का

लक्ष्य रखा गया था ; यह लक्ष्य कहां तक पूरा किया गया और इस संबंध में राजस्थान की स्थिति क्या रही ;

(ख) देश के लिए कितना लक्ष्य निश्चित किया गया है; अब तक वास्तव में इस लक्ष्य को कहां तक पूरा किया गया है ; इस संबंध में इस वर्ष की राजस्थान की स्थिति क्या है और इस वर्ष लक्ष्य को पूरा करने के क्या-क्या विशेष प्रयत्न किए गए हैं ;

(ग) पिछले तीन सालों में परिवार नियोजन संबंधी आपरेशनों के दौरान मरने वाले पुरुषों और महिलाओं की कुल संख्या कितनी है और यह संख्या आपरेशन किए गए कुल व्यक्तियों की संख्या का कितने प्रतिशत है ;

(घ) क्या इन व्यक्तियों का आपरेशन करने वाले डाक्टरों को दंडित किया गया है और इस बारे में राजस्थान के संबंध में भी ब्यौरा दिया जाए ; और

(ङ) इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम): (क) से (ङ) अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

टेलीफोन परामर्शदात्री समिति का गठन

55. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल: क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (दिल्ली) की टेलीफोन परामर्शदात्री समिति का गठन कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके सदस्यों के नाम क्या हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो, तो इसका गठन कब तक किया जाएगा; और

(घ) दिल्ली टेलीफोन परामर्शदात्री समिति के सदस्यों को क्या क्या सुविधाएं प्रदान की जाती हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री गिरिधर गोमांगो) : (ग) दिल्ली टेलीफोन सलाहकार समिति का कार्यकाल 30-6-89 को समाप्त हो गया है। इसके पुनर्गठन पर कार्रवाही की जा रही है।

(घ) समिति के सदस्य निम्नलिखित के पात्र होते हैं :—

(I) अपने कार्यकाल के दौरान 1200 त्रिमासिक निशुल्क कालों सहित एक सर्विस टेलीफोन कनेक्शन ।

(II) समिति की बैठक में भाग लेने के लिए वास्तविक यात्रा शुल्क जो 50/- रुपय से अधिक नहीं होगा।

Development of a device to Fight Mosquito menace

56. SHRI SHAMIM HASHMI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a device, based on electro-mechanical principles, has been developed to fight mosquito menace by an invention of Rock Amedee Env. Research Centre, Bangalore, as reported in the Indian Express dated the 29th June, 1989;

(b) if so, what are the salient features of this method and in what manner it works on mosquitoes and what is its commercial viability; and

(c) whether Government would encourage further research in the device and approve it for wider public use?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH